भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 384

उत्तर देने की तारीख : 08.12.2022

केंद्र प्रायोजित योजनाएं

384. श्री एम. बदरुद्दीन अजमल:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सूक्ष्म और लघु उद्यमों के अंतर्गत छोटे उद्यमियों को सहायता प्रदान करने के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) चालू वर्ष सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान उक्त योजनाओं के लाभार्थियों का योजना, वर्ष और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान इन योजनाओं के लिए आवंटित और उपयोग की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) से (ग) : यह मंत्रालय केंद्र द्वारा प्रायोजित किसी भी योजना का कार्यान्वयन नहीं करता है। यह मंत्रालय 'केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं' का कार्यान्वयन करता है। केन्द्रीय क्षेत्र की कुछ प्रमुख स्कीम (i)प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम; (ii) सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम; (iii) सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम; (iv) एमएसएमई के लिए आत्म निर्भर भारत कोष; (v) पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा सिक्किम में एमएसएमई का संवर्धन आदि हैं।

******